

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणा:–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

दिगम्बरत्व का वैभव

प्रकाशक
दिगम्बर जैन महासमिति

(परम्परानायक)

परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्राय: होता है। फलत: उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

दिगम्बरत्व का वैभव

प्रकाशक
दिगम्बर जैन महासमिति

प्रकाशक :
श्री सुकुमार चन्द जैन
प्रधान मन्त्री,
दिगम्बर जैन महासमिति
C/O श्री पार्श्वनाथ दि० जैन मन्दिर पंचायती धर्मशाला
तीर्थंकर महावीर मार्ग,
मेरठ शहर ।

प्रथम संस्करण १००० प्रतियाँ	मूल्य : पच्चीस रुपये	वर्ष · १६८५

मुद्रक ·
प्रेसीडेन्ट प्रैस
६०, चैंपल स्ट्रीट
मेरठ कैन्ट
फोन : ७६७०८

अनुक्रमणिका

१.	आन्ध्र प्रदेश	... १
२.	असम	... ६
३.	बिहार	... ८
४.	गुजरात	... २४
५.	हरियाणा	... २८
६.	हिमाचल प्रदेश	... ३६
७	केरल	.. ३७
८	मध्य प्रदेश	... ३९
९.	महाराष्ट्र	...१२५
१०.	मणिपुर	...१३६
११.	मेघालय	...१३६
१२.	नागालैण्ड	...१३६
१३.	उडीसा	...१३७
१४	पंजाब	...१४०
१५	राजस्थान	...१४१
१६.	उत्तर प्रदेश	...१७०
१७.	पश्चिमी बंगाल	...२२०
१८.	दिल्ली	...२२४
१९.	तामिलनाडू	.. २३४
२०	मूडबिद्री	...२४४
२१.	श्रवणबेल गोला	...२४७

प्रस्तावना

वर्तमान युग के चौबीस तीर्थंकरो मे से अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर का २५०० वा निर्वाण महोत्सव मनाने के लिए देश-विदेश का समग्र जैन-समाज अत्यन्त भक्ति, श्रद्धा और अधिकाधिक तैयारियो के साथ प्रस्तुत हो रहा था। धार्मिक मान्यता के अनुसार सभी तीर्थंकर समान रूप से पूज्य हैं, किन्तु हम आज जिस काल मे हैं, वह भगवान महावीर के धर्मप्रवर्तन का काल है, अतः उनके प्रति हमारी विशिष्ठ विनयाजलि स्वाभाविक ही थी।

जिन्हे जैन-इतिहास और पुराणो का ज्ञान नही है, ऐसे अनेक जन भगवान महावीर को ही जैन धर्म का आदि प्रवर्तक मानते हैं, किन्तु वास्तविकता यह है कि भगवान महावीर वर्तमान परम्परा के अन्तिम तीर्थंकर है, आदि तीर्थंकर तो भगवान ऋषभदेव है, जिनके पुत्र भरत चक्रवर्ती के कारण यह देश 'भारत देश' के नाम से विख्यात हुआ। जैनेतर पुराणों मे भी उनका उल्लेख आदरपूर्वक किया गया है। विष्णु पुराण मे भगवान ऋषभदेव को आठवा अवतार माना गया है। इसी सन्दर्भ मे श्रीमद् भागवत का यह उद्धरण दृष्टव्य है—

नित्यानुभूतनिजलाभ निवृत्त तृष्णः श्रेयस्यतद्रचनया चिरसुप्तबुद्धे ।
लोकस्य यः करुणयाभयमात्मलोक माख्यान्नमो भगवते ऋषभाय तस्मै ॥

—श्रीमद् भागवत ५/६/१९

(निरन्तर विषय-भोगो की अभिलाषा करने के कारण अपने वास्तविक श्रेय से चिरकाल तक बेसुध हुए लोगो को जिन्होने करुणावश निर्भय आत्मलोक का उपदेश दिया और जो स्वय निरन्तर अनुभव होने वाले आत्मस्वरूप की प्राप्ति से सब प्रकार की तृष्णाओ से मुक्त थे, उन भगवान ऋषभदेव को नमस्कार है।)

भारतीय सस्कृति के इतिहास की जानकारी के लिये जैन, बौद्ध और हिन्दू शास्त्रो-पुराणो-ऐतिहासिक सन्दर्भों का तुलनात्मक अध्ययन अनिवार्य है। इसे एक सुखद सयोग ही कहना होगा कि जैन मान्यता की वर्तमान पीढी के आदि तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव और हिन्दू पुराणो के सर्वाधिक पूज्य भगवान शकर के वर्णन क्रम मे अद्भुत साम्य है। भगवान शकर कैलाशवासी है, उनकी लम्बी जटाये है, वे शीर्ष पर गगा धारण किये हुये हैं, नन्दी उनका वाहन है और त्रिशूल उनका प्रतीक चिह्न है। दूसरी ओर भगवान ऋषभदेव का निर्वाण स्थान कैलाश है, उनकी प्राचीन मूर्तिया प्राय जटाजूट युक्त है, उनका चिन्ह बैल है और उन्होने सम्यक् दर्शन-ज्ञान-चारित्ररूपी त्रयो को ही मोक्षमार्ग माना है। यहा यह कह देना अप्रासगिक नही होगा कि जैन मान्यता के अनुसार भगवान ऋषभदेव भी वस्तुत आदि तीर्थंकर नही है। वे मात्र वर्तमान पीढी के चौबीस तीर्थंकरों में से प्रथम तीर्थंकर हैं। चौबीस-चौबीस तीर्थंकरो की ऐसी ही तीन शृखलाये है, जो भूत-भविष्य और वर्तमान चौबीसी कही

आती हैं। आज हम जिस शृंखला को भविष्यत कालीन चौबीसी कहते है, उसका प्रारम्भ होते ही वह वर्तमान चौबीसी कहलाने लगेगी और तब आज की चौबीसी भूतकालीन चौबीसी हो जायेगी।

भगवान महावीर का जन्म कुण्ड ग्राम वैशाली (बिहार-प्रान्त) मे चैत्र शुक्ल १३, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र, सोमवार २७ मार्च (५९८ ई० पू०) को हुआ था। वे महाराज सिद्धार्थ और महारानी त्रिशला प्रियकारिणी के पुत्र थे। वर्द्धमान, अतिवीर और सन्मति इनके नामान्तर हैं, इन्हें निग्गण्ठनातपुत्त भी कहा गया है। इनका कुमारकाल २९ वर्ष ७ माह १२ दिन, तपकाल, १२ वर्ष ५ माह १५ दिन, देशनाकाल—२९ वर्ष ५ माह २० दिन रहा और अन्तिम २ दिनों के योगनिरोध के पश्चात् कार्तिक कृष्ण, अमावस्या, मंगलवार १५ अक्टूबर (५२७ ई० पू०) को स्वातिनक्षत्र मे इनका निर्वाण हो गया था। इसी उपलक्ष मे जनसामान्य एव देवताओ ने विविध भव्य आयोजनो के साथ उनका निर्वाण महोत्सव मनाया था। तभी से वह परम्परा के रूप मे प्रचलित हो गया और आज तक दीपावली अथवा दीपमालिका महोत्सव के रूप मे धूमधाम के साथ प्रतिवर्ष मनाया जाता है। भारतीय परम्परा मे "घी के दिये जलाना" सर्वाधिक मागलिक कार्य के रूप मे प्रतिष्ठित कार्य-क्रम माना जाने लगा है।

वर्ष १९७४ ई० मे भगवान महावीर के निर्वाण के २५०० वर्ष सम्पन्न हो रहे थे। यही २५०० वा निर्वाण महोत्सव अत्यधिक उत्साह और तैयारियो के साथ सम्पूर्ण भारत देश मे आयोजित किया जाना था।

इसी सन्दर्भ मे ११–१२ अप्रैल १९७० को अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन समाज के प्रतिनिधियों की एक बैठक देहली मे हुई थी जिसमे भगवान महावीर के २५०० वें निर्वाण महोत्सव को व्यापक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया था और अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर भगवान महावीर २५०० वा निर्वाण महोत्सव सोसायटी का गठन हुआ था। सोसायटी के विधान और नियमो का दिल्ली राज्य पंजीकरण अधिनियम के अनुसार रजिस्ट्रेशन कराया गया था और एतदर्थ दान की राशि पर दातारो के लिए आयकर मे छूट का अधिकार-पत्र प्राप्त किया गया था। देश मे दिगम्बर जैन समाज की जनसंख्या और संगठन की स्थिति का ध्यान रखते हुए विभिन्न ४४ क्षेत्रीय समितिया गठित की गयी थी।

इसके पूर्व पिछले दो-ढाई वर्षों से एतदर्थ आयोजित की जाने वाली योजनाओ के लिए विचार-विमर्श हो रहा था और निर्धारित योजनाओ के लिये धन एकत्रित करने तथा केन्द्रीय और क्षेत्रीय समितियो के कार्य-विभाजन के विषय मे चर्चा हो रही थी। अन्तत. केन्द्रीय समिति ने सर्वसम्मति से कार्य के दायित्व का नीचे लिखे अनुसार विभाजन किया था .—

वर्ग—१ वे योजनाये जिनके लिये दिगम्बर केन्द्रीय समिति उत्तरदायी होगी।

वर्ग—२ वे योजनायें जो विभिन्न सस्थाये स्वय कर रही हैं और जिनके लिये केन्द्रीय समिति का प्रोत्साहन उन्हे प्राप्त है और जिनके लिये केन्द्रीय समिति ने मान्यता दे दी है।

वर्ग—३ वे योजनायें जिनकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय समितियो ने ली है।

वर्ग—४ वे योजनाये और कार्यक्रम जो भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय समिति के माध्यम से स्वीकार किये गये हैं।

धन संग्रह—के लिये समिति ने निश्चय किया था कि प्रत्येक जैन स्त्री-पुरुष, बालक-बालिका प्रतिदिन

महोत्सव की योजनाओ के निमित्त कम-से-कम एक पैसा नियमित रूप से दान दे। धन संग्रह के इस कार्य में विभिन्न क्षेत्रों से विभिन्न प्रकार की सहायता प्राप्त हुई थी और केन्द्रीय समिति ने क्षेत्रीय समितियों को उनके द्वारा एकत्रित धनराशि को उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रमो के लिये व्यय करने हेतु अधिकृत कर दिया था।

केन्द्रीय समिति की योजनाओ के लिये आवश्यक धनराशि के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया था कि वह क्षेत्रीय समितियों से उनकी आर्थिक सुविधा के आधार पर दान रूप मे प्राप्त किया जायेगा, जो महानुभाव ५०००/- रुपया अथवा इससे अधिक राशि केन्द्रीय समिति को देंगे, उनकी इच्छानुसार, उनका नाम उचित स्थान पर स्मारक शिला पट्ट पर अंकित करा दिया जावेगा।

यह निश्चय भी किया गया था कि केन्द्रीय समिति निर्वाण महोत्सव की स्मृति मे कलात्मक पदक वितरित करेगी तथा धर्मचक्र प्रवर्तन योजना के माध्यम से धर्म प्रचार और द्रव्य सचय करेगी। धर्मचक्र प्रवर्तन की निर्धारित योजना के आधार पर पूरे देश मे विभिन्न पाच धर्मचक्र प्रवर्तित किये गये थे—

(१) प्रथम धर्मचक्र का प्रवर्तन देहली से हुआ था। तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरागाधी ने इस प्रवर्तन का शुभारम्भ रामलीला मैदान मे आयोजित समारोह मे किया था। १०८ आचार्य श्री धर्मसागर जी महाराज और मुनि श्री विद्यानन्द जी महाराज के आशीर्वाद से पुनीत यह धर्मचक्र देहली से हरियाणा-पजाब-हिमाचल प्रदेश-राजस्थान होता हुआ उत्तर प्रदेश मे आया था और इसी प्रान्त के प्रसिद्ध हस्तिनापुर क्षेत्र मे इसकी यात्रा सम्पन्न हुई थी।

(२) दूसरे धर्मचक्र का प्रवर्तन भगवान महावीर के निर्वाण क्षेत्र पावापुर (बिहार) से प्रारम्भ हुआ था और इसके माध्यम से बिहार प्रान्त के अतिरिक्त बगाल और उडीसा प्रान्त मे भी पर्याप्त धर्म प्रभावना हुई थी।

(३) तीसरे धर्मचक्र का प्रवर्तन इन्दौर से प्रारम्भ हुआ था और इसके माध्यम से मध्यप्रदेश के गावों-गावों मे तथा निकटवर्ती अन्य स्थानो मे धर्म प्रभावना हुई थी।

(४) चौथे धर्मचक्र का प्रवर्तन दक्षिण भारत के विख्यात तीर्थस्थल श्रवणबेल्गोला से हुआ था। इस धर्मचक्र के माध्यम से कर्नाटक प्रान्त के अतिरिक्त महाराष्ट्र, आध्र प्रदेश और केरल राज्यो मे भी जन जागृति और प्रचार का महान कार्य सम्पादित हुआ था।

(५) पाचवें धर्मचक्र का नेतृत्व किया था स्व० पं० बाबूभाई चुन्नीलालजी मेहता ने। इस धर्मचक्र की यात्रा बहुत विस्तृत और सफल रही थी। पडित बाबूभाई मेहता का अपना व्यक्तित्व था। लगभग ८०० अनुशासनबद्ध सम्पन्न लोगो का सघ अपने आप मे एक आदर्श था। इस धर्मचक्र का प्रवर्तन सम्पूर्ण गुजरात प्रान्त मे हुआ और इसके अतिरिक्त देश के विविध तीर्थ क्षेत्रो पर भी इसका प्रवर्तन सफलतापूर्वक हुआ था। स्व० मेहताजी ने इस संघ यात्रा के अवसर पर अनेक अभावग्रस्त तीर्थ क्षेत्रों की आवश्यकताओ की यथासम्भव पूर्ति की थी।

योजनाएं—केन्द्रीय समिति द्वारा किये गये विभाजन के आधार पर **वर्ग—१** ने कुल ३४ लाख रुपये की योजनायें निर्धारित की थी, जिनमे—(१) राष्ट्रीय समिति की योजनाओ तथा चारो समाजो की सम्मिलित योजनाओं के लिए अनुदान (२) भगवान महावीर के जन्म-स्थान बैशाली मे जन्म स्मारक के निर्माण (३) पावापुरी मे भगवान महावीर के निर्वाण स्मारक के निर्माण (४) विपुलाचल पर्वत पर भगवान महावीर की प्रथम देशना का स्मारक, भगवान महावीर के बिहार-स्थलों का मानचित्र और रानी चेलना तथा उनके प्रभाव द्वारा

राजा श्रेणिक की धर्मदीक्षा के स्मारक का निर्माण (५) दिगम्बर केन्द्रीय समिति के कार्यालय खर्च और विभिन्न योजनाओं की तैयारी के लिए धनराशि तथा (६) कंकाली (मथुरा), देवगढ़, खजुराहो और उज्जैन के पुरातत्व संग्रहालयों के निर्माण-विकास कार्य के लिये व्यवस्था भी सम्मिलित थी।

आर्थिक सहायता हेतु आश्वासन—इस हेतु बम्बई, कलकत्ता, आसाम, मेरठ, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, बिहार और देहली की जैन समाज से कुल १७·७५ लाख रुपयो की दानराशि के आश्वासन मिले थे। वीर शासन जयन्ती महोत्सव कलकत्ता के अवसर पर एकत्रित धनराशि में से ०·५० लाख रुपये बचे थे। शेष राशि १५·७५ लाख रुपये एकत्रित करने की योजना विचाराधीन थी।

वर्ग—२ के अन्तर्गत जैन साहित्य प्रकाशन, धर्मचक्र प्रवर्तन, कलात्मक पदक वितरण, बालक-बालिकाओं की धार्मिक दशा के लिए पाठ्य-पुस्तको का प्रकाशन और पाठशालाओ की स्थापना, भगवान महावीर के सिद्धान्तो, शास्त्र प्रवचनो, स्तोत्रो, भजनो आदि की टेप रिकार्डिंग, जिनेन्द्र कला भारती भीलवाड़ा द्वारा सामूहिक स्तुति, भजन-गान प्रशिक्षण, जैन भजन स्तुतियो के ग्रामोफोन रिकार्ड, जैन कला और स्थापत्य की सामग्री के चित्रो के सग्रह, जैन स्थापत्य कला आदि की चित्र प्रदर्शनी, जैन साहित्य प्रदर्शनी, भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव स्मारक कलैण्डर, डायरिया और अन्य उपहार सामग्री का वितरण, संग्रहालयो का निर्माण और विकास तथा सराक जाति के इतिहास और स्थिति के सर्वेक्षण आदि की योजना निर्धारित की गयी थी।

वर्ग—३ के अन्तर्गत देश की विभिन्न क्षेत्रीय समितियो ने सामान्यतः :—तीर्थंकर महावीर के स्मारकों के निर्माण, जैन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न कार्य और सम्बन्धित साहित्य का प्रकाशन, अप्रकाशित मौलिक रचनाओ का सरक्षण और प्रकाशन, विद्यालयों, पाठशालाओ, पुस्तकालयो, स्वाध्याय भवनो तथा वाचनालयो की स्थापना और सचालन, जैन तीर्थों, प्राचीन-नवीन जिन मन्दिरो की सुरक्षा और व्यवस्था, ऐतिहासिक और पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानो आदि की व्यवस्था और सरक्षण, सामाजिक तथा सार्वजनिक सभा, सम्मेलन, वाद-विवाद, विचार गोष्ठी, निबन्ध, प्रवचन आदि का आयोजन, आकाशवाणी तथा पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जैन सिद्धान्तो का प्रचार, निधि एकत्रित करने के लिये गोलको की स्थापना, अतिथि गृहों तथा चिकित्सालयो की स्थापना, जैन आबादी वाले एवं अन्य विशिष्ट स्थानों पर जैन मन्दिरों के निर्माण, संग्रहालयों का निर्माण, छात्र-छात्राओ के लिए छात्रवृत्ति योजना तथा छात्रावासो की स्थापना, स्मारिका एवं विवरण पत्रिका का प्रकाशन, भगवान महावीर के कीर्ति स्तम्भ एव उपदेशों के शिलापट्ट स्थापित कराना, पक्षी-चिकित्सालयों की स्थापना तथा जैन जन-गणना कराने आदि की योजनायें बनायी थी।

वर्ग—४ के अन्तर्गत भारत सरकार ने भगवान महावीर के २५०० वें निर्वाण महोत्सव को सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के लिए राष्ट्रीय समिति का गठन किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी० वी० गिरि इसके सरक्षक थे, तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरागाधी इसकी अध्यक्ष थी और केन्द्रीय शिक्षामन्त्री महोदय इसके कार्याध्यक्ष घोषित किये गये थे। इनके अतिरिक्त ८ विशिष्ट अतिथि, ६७ सदस्य तथा सचालक समिति के २० सदस्य मनोनीत किये गये थे। राष्ट्रीय समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य देश के चुने हुये विशिष्ट व्यक्ति थे। राष्ट्रीय समिति द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये थे —

(१) दक्षिण देहली मे भगवान महावीर वनस्थली नामक राष्ट्रीय उद्यान का निर्माण किया जाय, जिसके लिए भारत सरकार २५ एकड़ भूमि की व्यवस्था करेगी। और कृषि मन्त्रालय के माध्यम से इस योजना को कार्यान्वित किया जायेगा। इस कार्य के लिए एक ८ सदस्यीय उपसमिति का संगठन भी किया गया था।

(२) प्रत्येक राज्य मे एक-एक भगवान महावीर बाल केन्द्र स्थापित हो। देश मे ऐसे २० केन्द्र स्थापित हों जो जिलों के नेहरू युवा केन्द्रो से सम्बद्ध हो, प्रत्येक केन्द्र पर लगभग ५० हजार रुपया व्यय किया जाय।

(३) प्रत्येक राज्य मे कम-से-कम एक ग्रामीण पुस्तकालय की स्थापना भगवान महावीर के नाम पर हो, जो राज्य के सम्बद्ध नेहरू व युवा केन्द्र से सम्बद्ध हो, इस कार्य के लिये ६ लाख रुपयो का प्रावधान हो।

(४) भगवान महावीर के जन्मतीर्थ वैशाली मे स्मारक का निर्माण—इस कार्य के लिए २ ५० लाख रुपये निर्धारित किये गये।

(५) जैन विद्या तथा शोध हेतु स्वायत शासित नेशनल काउसिल की स्थापना—इसके लिए भारत सरकार १० लाख रुपये का अनावर्तक अनुदान देगी।

(६) प्रकाशन कार्यक्रम—इस कार्य के लिए भारत सरकार जैन समाज को ४ लाख रुपये का अनुदान देगी, जो स्वयं भी यदि अधिक नही, तो कम से कम इतनी राशि नियोजित करेगी।

(७) भगवान महावीर का जीवन और उनके सिद्धान्त—इस ग्रन्थ का नियोजन श्री जगदीश चन्द माथुर, हिन्दी परामर्शदाता, भारत सरकार के निर्देशन मे होगा तथा इसका प्रकाशन अग्रेजी तथा अन्य भारतीय भाषाओ मे नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा होगा। इस कार्य के लिये ६ सदस्यीय सम्पादक मण्डल का गठन किया गया था।

(८) महोत्सव सम्बन्धी अन्य कार्यक्रमो के आयोजन के लिए— २ लाख रुपये निर्धारित किये गये थे। इस प्रकार सम्पूर्ण योजनाओ के लिये ५० लाख रुपयो की राशि निर्धारित की गयी थी। उपरोक्त आल इण्डिया दिगम्बर भगवान महावीर २५०० वा निर्वाण महोत्सव सोसायटी का विधान और नियमावली तैयार करायी गयी थी और उसका रजिस्टर्ड मुख्य कार्यालय देहली मे निर्धारित किया गया था।

आल इण्डिया दिगम्बर भगवान महावीर २५०० वाँ निर्वाण महोत्सव सोसायटी के पदाधिकारीगण

अध्यक्ष	—श्रीमान साहू शान्तिप्रसाद जी जैन, नई दिल्ली।
कार्याध्यक्ष	—श्रीमान सरसेठ भागचन्द जी सोनी, अजमेर।
,,	—श्रीमान राजेन्द्र कुमार जी जैन, नई दिल्ली।
,,	—श्रीमान राय साहब चादमल जी पाडया, गोहाटी।
उपसभापति	—श्रीमान सेठ राजकुमारसिह जी, इन्दौर।
,,	—श्रीमान राय बहादुर हरकचन्द जी पाडया, राची।
,,	—श्रीमान श्यामलाल जी पाडवीय, मुरार।

,, —श्रीमान सेठ लालचन्द हीराचन्द जी बम्बई।

,, —श्रीमान सेठ नथमल जी सरावगी, कलकत्ता।

,, —श्रीमान सेठ शीतल प्रसाद जी जैन, मेरठ।

,, —श्रीमान परसादीलाल जी पाटनी, देहली।

प्रधानमन्त्री —श्रीमान सुकुमार चन्द जी जैन, मेरठ।

मन्त्री —श्रीमान कैलाशचन्द जी जैन, देहली।

,, —श्रीमान भगतराम जी जैन, देहली।

,, —श्रीमान रमेशचन्द जी जैन, देहली।

कोषाध्यक्ष —श्रीमान प्रेमचन्द जी जैन, देहली।

प्रबन्ध समिति—आल इण्डिया दिगम्बर भगवान महावीर २५०० वा निर्वाण महोत्सव सोसायटी के पूर्वांचल क्षेत्र के अन्तर्गत—मनीपुर, आसाम, मेघालय, नागालैण्ड, बगाल और बिहार प्रदेश के सदस्यो, उत्तराचल क्षेत्र के अन्तर्गत—देहली, पंजाब एवं जम्मू काश्मीर, हिमाचल, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य-प्रदेश के सदस्यो, महाराष्ट्राचल क्षेत्र के अन्तर्गत—बम्बई, और महाराष्ट्र प्रदेश के सदस्यों, दक्षिणाचल क्षेत्र के अ तर्गत—मैसूर, केरल तथा आध्रप्रदेश के प्रबन्ध समिति के सदस्यो को भी मनोनीत किया गया था।

कार्यालय समिति एवं अन्य समितियों के पदाधिकारियो तथा सदस्यों की घोषणा भी विधिवत की गयी थी।

निर्वाण महोत्सव का सम्पूर्ण कार्यक्रम एलाचार्य १०८ श्री विद्यानन्द जी महाराज की छत्रछाया मे सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ था। स्वस्ति श्री भट्टारक चारुकीर्ति जी महाराज श्रवणबेलगोला, स्वस्ति श्री भट्टारक चारुकीर्ति जी महाराज, मूडबिद्री, स्वस्ति श्री भट्टारक देवेन्द्र कीर्ति जी महाराज होम्मच, एव स्वस्ति श्री भट्टारक लक्ष्मीसेन जी महाराज कोल्हापुर की जागरुक दृष्टि और उनके द्वारा समय-समय पर दिये जाते रहे परामर्श सफलता के लिये वरदान सिद्ध हुए। स्वर्गीय साहू शान्तिप्रसाद जी इन कार्यक्रमों के प्राण थे, उनकी प्रेरणा, परामर्श और तात्कालिक निर्णायक लेने की क्षमता के कारण कही कोई बाधा नही आयी। श्रीमान साहू श्रेयास प्रसाद जी का प्रशस्त मार्ग दर्शन और सक्रिय सहयोग सदैव प्राप्त होता रहा। प्रधानमन्त्री होने के नाते मैं स्वर्गीय साहूजी के आदेशो के अनुसार प्रत्येक कार्य का सचालन और निरीक्षण करता अवश्य था किन्तु इसकी सफलता का श्रेय वस्तुतः स्वर्गीय साहूजी को ही है। इस सन्दर्भ मे मन्त्री के रूप मे दिनरात अनवरत कार्य करने वाले अपने सहयोगी समाजसेवी भाई भगतरामजी जैन का नाम भी भुलाया नही जा सकता। श्रीमान लाला प्रेमचन्द जी जैन (जैना वाच क०) देहली, श्रीमान लाला गुलशनराय जी जैन मुजफ्फरनगर, श्रीमान जयचन्द डी० लोहाड़े हैदराबाद, श्रीमान जम्बुकुमार जी बज कोटा, श्रीमान राजकुमार सिंह जी कासलीवाल इन्दौर, श्रीमान मिश्रीलाल जी गगवाल इन्दौर, श्रीमान हरकचन्द जी पाडया राची, श्रीमान चादमल जी पाडया तथा श्रीमान नेमीचन्द जी जैन देहली आदि महानुभावो का सक्रिय सहयोग और प्रयास ही कार्यक्रमो की सफलता का सम्बल रहा है।

निर्धारित योजनाओं के अनुसार कार्य—निर्धारित योजनाओ के अनुसार देश मे अधिकाधिक स्थानो पर भगवान महावीर के २५००वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष मे अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। तीर्थस्तम्भो तथा स्मारको का निर्माण हुआ, विद्यालयो, पाठशालाओं की स्थापना हुई, अनेक प्राचीन स्मारको,

मन्दिरों का जीर्णोद्धार हुआ, विविध प्रकाशन हुए, जैन भजनो गीतो-स्तोत्रो के रिकार्ड, टेप तैयार हुए और ऐसे ही अनेकानेक प्रचार सम्बन्धी कार्य सम्पन्न हुए। अनेको धार्मिक एव सामाजिक संस्थाओं ने तथा विशिष्ट जनों ने अपने निजी तौर पर भी धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये। महोत्सव की सम्पन्नता के पश्चात् अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने अपने कर्मचारियो को अतिरिक्त वेतन, बोनस अथवा उपहार भेंट किये। निजी तौर पर भी श्रद्धालु जनो ने सस्थाओ को दानराशि भेजी, मन्दिरो तथा अन्य धार्मिक सामाजिक संस्थाओं को विविध उपकरण और प्रचार सामग्री भेंट की। असहाय स्त्री-पुरुषो को सहायता प्रदान की, बीमारो को दवाइयों, दूध और फलों का वितरण किया। संक्षेप मे यह कहा जा सकता है कि संस्थाओ और सम्मिलित प्रयासों के माध्यम से तथा व्यक्तिगत रूप से भी जितना अधिक धार्मिक प्रचार-प्रसार कार्य इस महोत्सव के उपलक्ष मे किया गया, इसके पूर्व उतना कार्य पहले कभी नहीं हुआ था।

निर्धारित योजनाओ (वर्ग—१) के अन्तर्गत "वैशाली की जिस पावन भूमि पर कभी खेती नही हुई है और जो परम्परा से भगवान महावीर की जन्मभूमि मानी जाती है, वहां पर जैन कला शैली मे भगवान महावीर का जन्म स्मारक निर्माण कराने" का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, यह महान कार्य अत्यधिक श्रमसाध्य था और इसके सम्पन्न होने मे समय भी अधिक लगना था। प्रारम्भ मे इस निर्माण के लिए ३ ६० लाख रुपये की राशि आंकी गयी थी। इसमे से आधी रकम जैन समाज को और शेष आधी राशि बिहार राज्य शासन को देनी थी। बाद मे वह व्यय बढकर ६ ०० लाख रुपया हो गया और अब तो वह राशि बढकर लगभग १५ ०० लाख रुपये हो गयी हैं। समाज की ओर से इसके लिए १ ५० लाख रुपये दिये जा चुके हैं योजना क्रमश अधिकाधिक लम्बी और व्यय साध्य होती जा रही है और इस सम्बन्ध मे सभी आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं।

साहित्य प्रकाशन की निर्धारित योजना अत्यधिक सफल रही है। अनेक सस्थाओ ने अधिकाधिक साहित्य का प्रकाशन और प्रसार किया-कराया। इस सन्दर्भ मे भारतीय ज्ञानपीठ की सेवाए सर्वाधिक महत्वपूर्ण रही। इसी प्रयास के अन्तर्गत भारतीय ज्ञानपीठ के सयोजन, सम्पादन एव निर्देशन के अन्तर्गत श्रीमान प० बलभद्र जी जैन द्वारा लिखित तथा भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी बम्बई द्वारा प्रकाशित 'भारत के दिगम्बर जैन तीर्थ' (अब तक चार भागो मे प्रकाशित) की चर्चा करना अप्रासगिक नही होगा। इस प्रकाशन से एक बहुत बडी आवश्यकता की पूर्ति हो गयी है। इसके एक-दो भाग अभी प्रकाशित होने शेष हैं।

१०५ क्षुल्लक श्री जिनेन्द्र वर्णी की साधना के प्रतीक 'जैनेन्द्र सिद्धान्त कोष' का प्रकाशन भी अपने आप मे महान उपलब्धि है। भारतीय ज्ञानपीठ के इस प्रकाशन का दूसरा सस्करण भी अब तैयार हो रहा है।

महोत्सव सोसायटी द्वारा देश के समस्त जिन मन्दिरो, क्षेत्रो और संस्थाओ की डायरेक्टरी प्रकाशित करने का निश्चय भी किया गया था। विभिन्न स्थानो से विवरण प्राप्त होने और उन्हे व्यवस्थित करने मे समय अधिक लग गया और इस बीच और भी अनेक व्यवधान उपस्थित हो गये। अन्तत उक्त डायरेक्टरी के रूप मे यह प्रकाशन आपके हाथो मे पहुंच रहा है। अनेक स्थानो के विवरण अन्त तक प्राप्त नही हो सके अत: उनका समावेश इसमे नहीं हो सका। इसके प्रकाशन मे हुए विलम्ब के लिए हम सादर क्षमायाची हैं।

आयोजित कार्यक्रमों के समापन समारोह में 'दिगम्बर जैन महासमिति, का गठन—

देश की समग्र जैन समाज ने भगवान महावीर का २५०० वा निर्वाण महोत्सव जिस सम्मिलित सहयोग और उत्साह के साथ मनाया था, उसकी कोई सीमा नही रही थी। इसमे शासन और अन्य समाजसेवी

संस्थाओं का सहयोग भी प्राप्त हुआ था, किन्तु जैन-समाज का प्रत्येक वर्ग आपसी मतभेदों को भूलकर अनायास ही एकजुट होकर सक्रिय हो गया था। महोत्सव की इस विशिष्ट उपलब्धि से समाज का विचारशील वर्ग बहुत प्रभावित हुआ था। इसी दृष्टि से स्व० साहू शांतिप्रसाद जी एवं अन्य मूर्धन्य समाजसेवी जनों के मत में यह विचार आया था कि इस उपलब्धि का लाभ उठाकर समाज को जैनत्व के नाते एकसूत्र में संगठित करने के लिए अखिल भारतवर्षीय स्तर पर दिगम्बर जैन समाज का एक स्थायी संगठन स्थापित कर लिया जाय, जो 'संसद' के रूप में दिगम्बर जैन समाज के सम्पूर्ण वर्गों का प्रतिनिधित्व करें।

उपरोक्त विचारों का सभी ओर स्वागत और समर्थन हुआ। आल इण्डिया दिगम्बर भगवान महावीर २५०० वां निर्वाण महोत्सव सोसायटी के पास अनेक स्थानों से यह मांग भी आयी थी कि २५०० वें निर्वाण महोत्सव के कार्य के समापन के बाद इस संगठन को स्थायी रूप दिया जाना चाहिये।

समारोह समापन के अवसर पर ११–१२ अक्टूबर ७६ को जयपुर में आयोजित सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि उपरोक्त आधार पर 'दिगम्बर जैन महासमिति' का गठन किया जाय। इस प्रस्ताव को कानूनी रूप देकर क्रियान्वित करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार श्रीमान अक्षयकुमार जी जैन की अध्यक्षता में श्रीरामचन्द जी कासलीवाल जयपुर, श्री देवेन्द्रकुमार जी कासलीवाल इन्दौर एव श्रीनेमीचन्द जी जैन देहली की एक उपसमिति गठित की गयी तथा इसे अधिकार दिया गया कि इसे अन्तिम रूप देकर इसका पंजीकरण करा दिया जाय।

इसके पूर्व देहली मे २४–२५ अगस्त ७६ को आयोजित समारोह मे इस सम्बन्ध में विचार करने के लिए महोत्सव सोसायटी की सभी समितियो के प्रतिनिधियों तथा दिगम्बर जैन समाज की अखिल भारतीय स्तर की संस्थाओ के प्रतिनिधियो को आमन्त्रित किया गया था। इसमे लगभग २५० प्रतिनिधियों ने भाग लिया था और इसकी कई बैठकें हुई थीं। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिनिधियो ने समाज के संगठन को आवश्यक मानते हुये दिगम्बर जैन महासमिति के गठन का समर्थन किया था और उसके बाद दिगम्बर जैन महासमिति के विधान के प्रारूप पर आये सुझावो पर आवश्यक सशोधन कर नया प्रारूप तैयार करने का निर्णय लिया गया था। उसके पश्चात् विधान तैयार करने के लिये कई बैठकें हुई, जिनमे आये सुझावों के अनुसार सशोधन कर नया प्रारूप तैयार किया गया था।

सर्वसम्मति से स्वीकृत विधान के अनुसार राष्ट्रीय नव-निर्माण मे सहयोग, सामाजिक उत्थान एवं जन-कल्याण की भावना से अनुप्रेरित होकर 'दिगम्बर जैन महासमिति' की स्थापना की गयी। सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट २१ सन् १८६० के अन्तर्गत इसके मैमोरेंडम आफ एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन कराया गया। जिसमे महासमिति की प्रबन्ध समिति के निम्नांकित सदस्य घोषित किये गये :—

अध्यक्ष	—श्रीमान साहू शांतिप्रसाद जी जैन, देहली।
सदस्य	—श्रीमान सुकुमार चन्द जी जैन, मेरठ।
,,	—श्रीमान अक्षयकुमार जी जैन, देहली।
,,	—श्रीमान देवकुमारसिंह जी कासलीवाल इन्दौर।
,,	—श्रीमान रामचन्द्र जी कासलीवाल, जयपुर।
,,	—श्रीमान भगतराम जी जैन, देहली !
,-	—श्रीमान पारसदास जी जैन, देहली।

इसके साथ ही आल इण्डिया दिगम्बर भगवान महावीर २५०० वां निर्वाण महोत्सव सोसायटी की प्रादेशिक, संभागीय एव इकाई समितियो को निर्देश दिया गया कि वे अब अपना नाम बदलकर 'दिगम्बर जैन महासमिति' की शाखाओं के रूप मे काम करना प्रारम्भ कर दे।

यह निर्णय भी लिया गया कि '२५०० वा निर्वाण महोत्सव बुलेटिन' भविष्य मे 'दिगम्बर जैन महासमिति बुलेटिन' के नाम से प्रकाशित हुआ करे। इसी आधार पर 'दिगम्बर जैन महासमिति बुलेटिन' का प्रथम अंक जून १९७७ को प्रकाशित हुआ था। तब से आज तक दिगम्बर जैन महासमिति अपने निर्धारित लक्ष्यो पर उत्तरोत्तर अग्रसर होती जा रही है और 'दिगम्बर जैन महासमिति बुलेटिन' भी निरन्तर प्रकाशित हो रहा है।

इसी बीच दिगम्बर जैन समाज पर अनभ्र वज्रपात हो गया। समाज के सम्बल, सामाजिक गतिविधियो के प्रेरणा स्रोत, कर्मठ कार्यकर्ता और सर्वमान्य नेता श्री साहू शातिप्रसाद जी का २७ अक्टूबर ७७ को स्वर्गवास हो गया। साहू जी की धर्मपत्नी श्रीमती सौ० रमारानी जैन इसके पहले ही दिवगत हो चुकी थीं। श्रीमती रमा जैन ने भी निर्वाण महोत्सव के कार्यों मे महत्वपूर्ण योगदान दिया था। भारतीय ज्ञानपीठ के माध्यम से कराये गये प्रकाशनों का अधिकाश श्रेय उन्हे ही है। साहूजी के निधन के समाचार से सम्पूर्ण समाज स्तब्ध रह गया और समग्र सामाजिक गतिविधियो का मार्ग अवरुद्ध हो गया था।

अन्तत. समाज प्रमुखो ने सम्मलित रूप से स्व० साहू शातिप्रसाद जी के अग्रज श्रीमान् साहू श्रेयास प्रसाद जी से सम्मिलित रूप से अनुरोध किया कि वे कृपाकर समाज की सामाजिक सस्थाओ का नेतृत्व सम्हालें और स्व० साहूजी के निधन से अवरुद्ध हुए कार्यों को गति प्रदान करे। श्रीमान साहू श्रेयास प्रसाद जी अपने अनुज के निधन के कारण मानसिक दृष्टि से अपने-आप मे टूट चुके थे, किन्तु समाज के आग्रह पर उन्हे विवश होकर सामाजिक कार्यों का नेतृत्व स्वीकार करना पडा।

'दिगम्बर जैन महासमिति बुलेटिन' के अक दिसम्बर १९७७ में प्रकाशित अपने वक्तव्य मे उन्होने कहा था कि—गत १८ दिसम्बर ७७ को देहली मे आयोजित बैठक मे यह व्यक्त किया गया है कि स्व० शांतिप्रसाद जी के प्रति सबसे बडी श्रद्धाजलि यह होगी कि हम सब उनके द्वारा सस्थापित 'दिगम्बर जैन महासमिति' के संगठन को अधिकाधिक प्रभावशाली बनावे तथा उनके संकल्प को मूर्तिमान करें। साहूजी ने महासमिति का उत्तरदायित्व स्वीकार करते हुये एतदर्थ समाज से सम्पूर्ण सहयोग की कामना भी की थी। तब से आज तक आदरणीय साहू जी दिगम्बर जैन महासमिति के माध्यम से जैन समाज को मार्गदर्शन देते आ रहे हैं। उनके मार्ग निर्देशन मे समाज ने आशातीत सफलता प्राप्त की है। अन्य अनेकानेक सस्थाओ के अतिरिक्त श्रीमान साहूजी भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी बम्बई के अध्यक्ष भी है।

—सुकुमार चन्द जैन

आध्यात्मिक सन्त

एलाचार्य श्री १०८ विद्यानन्द जी मुनि



दिगम्बर जैन समाज के प्राण
स्व० साहू शान्ति प्रसाद जैन

साहू श्रेयांस प्रसाद जैन
अध्यक्ष दि० जैन महासमिति

श्री सुकुमार चन्द जैन
प्रधान मन्त्री दिगम्बर जैन महा समिति

आन्ध्र प्रदेश

आन्ध्र प्रदेश मे मौर्यकाल से पहले जैन-धर्म फैला हुआ था और बौद्ध-जातकों के अशोकीय अनुवाद पहुंचने से पूर्व वहाँ जैन-धर्म का सांस्कृतिक और मानवीय प्रभाव अपना कार्य कर रहा था। यह बात सुनिश्चित है कि अशोक ने कलिंग-विजय के पश्चात् बौद्ध-धर्म धारण कर लिया था। उसने युद्ध और आक्रमण के बदले मे अहिंसा और शान्ति की नीति को अपना लिया था। इस परिवर्तन के कारण तत्कालीन धार्मिक स्थिति मे परिवर्तन हुए हैं। भद्रबाहु श्रुत केवली की सघ सहित दक्षिण-यात्रा भी एक प्राचीन सत्य है।

राजा खारवेल के शिलालेख से स्पष्ट है कि मगध का राजा नन्द कलिग को जीत कर अग्रजिन की मूर्ति ले गया था। उससे स्पष्ट है कि नन्द राजा जैन था और वह मौर्यों का पूर्वज था।

पी० बी० देसाई ने लोकल कैफियतो के आधार पर आन्ध्र प्रदेश मे जैन-धर्म प्रसार के अनेक मुद्दे दिये है, उनमे से तीन मुद्दे यहाँ दिये जाते है।

(१) इतिहास के आरम्भिक-काल मे विजयापट्टम (विशाखापट्टनम) का प्रदेश जैन धर्म से प्रभावित था।

(२) गोदावरी जिले का जल्लूस स्थान एक उन्नतिशील जैन नगर था।

(३) गण्टूर जिले के एक गाँव की कैफियत से जान पडता है कि जैन राजाओ ने वहाँ बहुत समय तक राज्य किया है। उनके बाद मुक्कन्ती त्रिलोचन का शासन हुआ जो बौद्ध, जैन और आचार्यों का प्रबल शत्रु था। उसे अपने सम्प्रदाय का बडा मोह था। उसने जैन, बौद्ध और आचार्यों को विनष्ट किया। धरणीकोट और वरगल उसकी राजधानियाँ थी। उसने शक स० २२० (सन् २९८) तक राज्य किया है। मुक्कन्ती सस्कृत शब्द त्रिलोचन का तेलगु रूप है। इसके राज्यकाल मे रैंटूर गाँव के पडौस के कोडरा के पाई कामदा गाँव का जैन मन्दिर विवाद मे हार जाने के कारण विनष्ट किया गया।

इसमे कोई सन्देह नही है कि आन्ध्र प्राचीन समय मे जैन-धर्म का महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

आन्ध्र के कुडप्पह और बीदर जिले मे अभी भी बहुत से पुरातन अवशेष मौजूद है। बीदर जिले के पास कुछ प्रतिमायें भग्न अवस्था मे विद्यमान हैं। सन् १९०३ मे भारत सरकार के पुरातत्व-विभाग की ओर से खुदाई हुई थी, उसमे महत्वपूर्ण सामग्री बहुत बडे परिमाण मे प्राप्त हुई थी। इसमे स्तम्भो पर उत्कीर्ण तीर्थंकरो और शासन-देवताओ की मूर्तियाँ तथा नशियाँ आदि थी। इनमे से कुछ के ऊपर आठवी व नवी शताब्दी के लेख है। यहाँ से प्राप्त दो वस्तुये ऐसी है जिनसे इस स्थान की अधिक प्राचीनता प्रमाणित होती है। यहाँ से खुदाई में ईंटो का बना एक कमरा निकला है जिसमे पार्श्वनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित है। ये ईंटें काफी बडे आकार की है और कृष्णा जिले के बौद्धस्तूप के खण्डहर से प्राप्त ईंटो से मिलती-जुलती है। आन्ध्र प्रदेश के कुछ सिक्के भी खुदाई मे प्राप्त हुए है। इससे जान पडता है कि यह स्थान लगभग तीसरी शताब्दी से जैन धर्म का केन्द्र रहा है।

कुडप्पा जिले के डोम्मर, नन्दमाल और जम्मल मुडगु के विवरणो से जान पडता है कि इस प्रदेश मे बसने वाले जैन गुरु थे। उन्होने जगल साफ किया और नये-नये निवास स्थानो की नीव रखी। प्रारम्भ मे ये गाँव के रूप मे थे तब उन्हे पल्ली कहा जाता था। समय पाकर वे बडे कस्बो के रूप मे परिवर्तित हो गये तब उन्हे बस्ती कहा जाने लगा। आन्ध्र प्रदेश मे जैन-धर्म ने कई प्रमुख भागों मे बड़ी उन्नति की। ईसा की प्रथम शताब्दियो मे बौद्ध-धर्म के प्रबल विरोध के कारण और ब्राह्मणो की बढती हुई शक्ति के कारण उसे पीछे हटना पडा और जैन धर्मानुयायियो को क्रूर उपद्रवो का पात्र भी बनना पडा। उनका पतन हुआ। आन्ध्र प्रदेश के

इतिहास के उत्तर-काल मे जैन लोगो का धार्मिक-उत्पीडन भारी परिमाण मे किया गया, तेलगु साहित्य से भी इसकी पुष्टि होती है।

तेलगु प्रदेश मे कोमटी एक प्रमुख व्यापारी जाति रही है जो अपने को धनद का उत्तराधिकारी मानते है। कहा जाता है कि धनद ने उन्हे जैन-धर्म का उपदेश दिया था। इस जाति के पूर्वज कर्नाटक से आकर बस गये थे, वे जैन थे और गोम्मटेश्वर की पूजा करते थे। अत उनका नाम गोमटी या कोमटी प्रचलित हो गया। उत्तर-काल में पश्चिम गोदावरी जिले का पेनुगोण्ड स्थान इस जाति का प्रमुख केन्द्र बन गया। इससे भी आन्ध्र मे जैन-धर्म के प्रभाव की पुष्टि होती है। आन्ध्र मे जैन-धर्म कलिग के माध्यम से पहुचा, यह शिलालेख से स्पष्ट है। सातवाहन राजाओ ने आन्ध्र के कुछ भागो पर ईसवी पूर्व तीसरी शताब्दी से ईसा की तीसरी शताब्दी तक राज्य किया है। यह बौद्ध-धर्म के समर्थक थे।

जिला अनन्तपुर—

इस जिले के ताडपत्रीय शिलालेख से स्पष्ट है कि इस स्थान पर जैन-मन्दिर और जैन गुरुओ की एक प्रभावशाली परम्परा थी। उन्होने इस प्रदेश के सामन्तो से संरक्षण प्राप्त किया था। शिलालेख का समय सन् ११९८ ई० है। उसमे उदयादित्य सामन्त के द्वारा मूल-सघ कुन्दकुन्दान्वय, देशीगण पुस्तकगच्छ और इगलेश्वर के विद्वान मेघचन्द्र को भूमि दान करने का उल्लेख है। मेघचन्द्र बाहुबली के प्रशिष्य और भानुकीर्ति के शिष्य थे। चन्द्रनाथ पार्श्वनाथ बसदि के पुरोहित थे।

गण्टूर जिला—

गण्टूर जिले के एक गाँव मन्तरावूर की कैफियत मे ज्ञात होता है कि जैन राजाओ ने उस प्रदेश पर बहुत समय तक शासन किया है। उसके बाद मुक्कदन्तीन्दा का शासन हुआ जिसने जैन-धर्म का विनाश किया। गण्टूर जिले तेनाली गाँव की किवदन्ती के अनुसार इस प्रदेश पर जैन-राजाओ द्वारा शासन करने के उल्लेख प्राप्त होते है परन्तु जैन-मन्दिरो का उल्लेख नही मिला। वे प्राचीन समय मे रहे है, पर उन्हे नष्ट भ्रष्ट कर दिया गया।

हैदराबाद दक्षिण—

यह दक्षिण प्रान्त के नवाब निजाम साहब की रियासत की राजधानी का प्रसिद्ध शहर है। यह मूसा नदी के किनारे पर बसा हुआ है। यह बडा रेलवे-स्टेशन है। इसका प्राचीन नाम भगानगर था। इसे कुतुबशाही खानदान के बादशाह मुहम्मद कुल्ली ने सन् १५८९ मे बसाया था। सन् १९०८ मे मूसानदी की भयकर बाढ मे शहर को बहुत क्षति हुई। शहर मे चार बडी-बडी मीनारे है जो देखने योग्य है, इन मीनारो के पास ही दिगम्बर जैन मन्दिर और धर्मशाला है। यहाँ खण्डेलवाल और अग्रवाल आदि जातियो के जैन लोग निवास करते है। शहर से डेढ मील की दूरी पर 'हुस्सेन सागर' तालाब है। मक्का मस्जिद, मीर आलम का तालाब, किला, गोलकुण्डा, राजमहल, रेजीडेन्सी आदि स्थान दर्शनीय है। हदराबाद मे जैन लोगो की अच्छी आबादी है। यहाँ पहले पानीपत निवासी अग्रवालो के जहाज चलते थे। वर्तमान मे यहाँ सम्पन्न लोग रहते है।

कुडुप्पा जिला—

आन्ध्र के कुडुप्पा जिले मे जैन-धर्म के पुरातन अवशेष पाये जाते है। इस जिले के दानवुल पाडु सन् १९०५ की खुदाई मे जैन-धर्म की अनेक महत्वपूर्ण प्राचीन सामग्री उपलब्ध हुई है। स्तम्भो मे उत्कीर्ण तीर्थंकर मूर्तियाँ, नशियाँ एव एक कमरा निकला जिसमे पार्श्वनाथ की मूर्ति स्थापित है। अनेक लेख और आन्ध्र प्रदेश के कुछ सिक्के भी मिले है। गाँव का नाम 'दानवुलपाडु' है जिसका अर्थ असुरो का निवास स्थान किया गया है जो तिरस्कार का सूचक है। जैन-धर्म के पतन के बाद विरोधियो ने जैन-धर्म से सम्बन्ध के स्थानो के लिये तिरस्कृत शब्दो का प्रयोग किया। पास के एक गाँव का नाम देदगुडी है जिसका अर्थ देवताओ का स्थान होता है।

दानवुलपाडु स्तम्भो पर मूर्तियो के नीचे आसन और पत्थरो पर लगभग १ दर्जन शिलालेख उत्कीर्णित है जो आठवी शताब्दी और उसके बाद के है। दसवी शताब्दी के एक लेख मे राष्ट्रकूट नरेश नित्य वर्ष का उल्लेख है जिसे इन्द्र तृतीय अथवा कोट्टिग के नाम से पहचाना जा सकता है। एक अभिलेख मे सेनापति श्री विजय के समाधिमरण का उल्लेख है जो बडा योद्धा, विद्वान और जैन धर्म का कट्टर अनुयायी था।

कोण्डकुण्डे—

वर्तमान में कोण्डकुण्डल नामक गाँव गुण्टकल रेलवे स्टेशन से लगभग चार मील दूर है। यह अनन्तपुर जिले के गोटी तालुका में स्थित है। यहाँ के जैन अवशेष गाँव से उत्तर में दो फर्लांग की दूरी पर रसासिद्धुल गुट्ट नामक छोटी पहाडी पर मिलते है। 'रसासिद्धुल' का अर्थ है—रसायन बनाने वालो की पहाडी। इस पहाड़ी के ऊपर एक मन्दिर है, मन्दिर मे दो खडगासन-मूर्तियाँ विराजमान है। उनके सिर पर तीन छत्र और दोनो ओर दो शासन-देवता है जिनका समय स्थूल रूप से १३वी शताब्दी है। लोग तीर्थंकरो की मूर्तियो को रससिद्धो की मूर्तियाँ मानते है। जब कभी वर्षा नही होती या देर मे होती है तो लोग उनसे प्रार्थना करते है, उन्हे भेट चढाते है और वर्षा हो जाती है।

इसी पहाडी पर एक प्राचीन शिलालेख सातवी शताब्दी का है और दूसरा निसदि लेख दसवी शताब्दी का है जिसमे नागदेव की समाधि का उल्लेख है। एक १६वी शताब्दी के लेख मे वादि विद्यानन्द का उल्लेख है। एक शिलालेख गाँव मे आदि चेत्र केशव मन्दिर के सामने लगे पाषाण पर अंकित है उसमे इसे पद्मनन्दि भट्टारक की जन्मभूमि बताया है। साथ ही इसमे चरणो और कुककुन्दान्वय का भी उल्लेख है। इस पर पी० बी० देसाई का अनुमान है कि कोनकुण्डल कुन्दकुन्द आचार्य की भूमि है। उन्होने यह भी लिखा है कि इस स्थान मे फैली हुई जनश्रुति के अनुसार भी इस स्थान का सम्बन्ध कुककुन्दाचार्य के साथ सिद्ध होता है किन्तु अब वहाँ जैन-धर्म का कोई अनुयायी नही है।

कोटशिवपुर ता० मदाक्षिरा

इस गाँव के द्वार मण्डप के स्तम्भ पर एक लेख है जिसमे लिखा है कि राजा हरनाल की रानी अल्पद्री ने जैन दानशाला का जीर्णोद्धार कराया। यह कुन्दकुन्दाचार्य के एन्वय के काणूरगण के मुनियो की श्राविक शिष्या थी। वही दूसरा स्तम्भ लेख है। यहाँ काणूरवण के आचार्य पुष्पनन्दी के समय की निर्मित जैन वसदि (मन्दिर) है।

पटशिवपुरम ता० मदाक्षिरा—

इस गाँव के दक्षिण द्वार के एक स्तम्भ पर पश्चिमीय चालुक्य त्रिभुवन मल्ल वीर सोमेश्वर देव के (शक ११०७—सन् ११८५) का लेख है। जब यहाँ जैन-मन्दिर बनाया गया तब नियमसार की टीका के कर्त्ता पद्मप्रभ मलधारी और उनके गुरु वीर नन्दी सिद्धान्त चक्रवर्ती मौजूद थे। इस लेख की महत्ता इसलिये है कि उसमे पद्मप्रभ मलधारी देव की मृत्यु का उल्लेख है। शक ११०७ वि० फाल्गुन शु० ४ भरणी सोमवार को अर्थात् २४ फरवरी ११८५ ई० को उनकी मृत्यु हुई है जैसा कि श्लोक से स्पष्ट है—

"सक वर्ष सप्त खेंबु क्षिति ११०७ परमिति
विश्वावसु प्रान्त फाल्गुन्य,
कनच्चुधा चतुर्थी तिथियुत भरणी सोमवाराद्धं
राजा।
चिक नाडयेकात्य दोल्लु निर्मल मति मल्लम नाम
पद्मप्रभ पुस्तक,
गच्छं मूल संघं यतिपति नुत देसीगण मुक्तनादे॥'
(देखो साऊथ इण्डियन ऑफ जैनिज्म)

पश्चिमी चालुक्य राजा त्रिभुवन मल्ल जिनेश्वर के समय का शक स० ११०७ सन् ११८५ मे त्रिभुवन मल्ल भीमदेव होजिराज नगर पर शासन कर रहे थे।

पेनुकोण्डा—

जिनकाँची मे दो जैन मदिर हैं इनमे पहला मदिर जो छोटा है उत्तर पल्लव शैली मे बना हुआ है और भगवान चन्द्रप्रभ को समर्पित है। कहा जाता है कि इसे पल्लव नरेश नरसिंह वर्मन (द्वितीय) ने बनवाया था। प्रतिमा तल से १२ फुट की ऊँचाई पर दूसरी मंजिल मे स्थापित है, एक मूर्ति भगवान कुन्दुनाथ की पेराम्बूर से श्री बाबू जैन द्वारा प्रदान की गयी थी। दूसरा मन्दिर जो पहले मन्दिर से बडा है और पहले मन्दिर से लगा हुआ है वह भगवान वर्धमान (महावीर) को समर्पित है और स्थानीय बोल-चाल मे इसको तिरुपसन्ति कुवरम या अलवार मन्दिर कहते है। कहा जाता है कि इसे महेन्द्र वर्धन ने पूरा किया था। यह मन्दिर पूर्व चोल-शैली मे है तथा उसका मण्डप विजयनगर शैली मे है। मण्डप की छत और बरामदे मे तीर्थंकरो के जीवन चित्र अंकित है। वे चित्र

सित्तकासल शैली मे हैं। मन्दिर के मेरु निर्माण मल्लिषेण वामनाचार्य के शिष्य परवादीमल्ल पुष्पसेन ने कराया था। इन दोनों के चरणचिन्ह मन्दिर के बाहर कुयें के कक्ष के नीचे स्थापित है। सगीत मण्डप सेनापति इरुगप्प ने निर्माण कराया था। शिलालेखो से ज्ञात होता है पल्लव नरेश सिंह वर्मन ने एक गाँव और अन्य सम्पदा वर्धमान मन्दिर की पूजा के लिये वज्रनन्दी को भेट की थी। राजा आदित्य द्वितीय के त्रिलोकनाथ मन्दिर के सामने वाले बरामदे मे लगे शिलालेख के अनुसार विजयनगर नरेश कृष्णराय ने एक गाँव भेट किया था। राजा राज तृतीय ने वर्धमान मन्दिर मे प्रतिमा शुद्धि कराई थी। वर्धमान की प्रतिमा काञ्जीपुरम के श्री भुजगराव द्वारा सन् १७२२ मे लायी गयी थी और उसी समय से मन्दिर मे बराबर पूजन होता है

जिले का नाम	स्थान का नाम	मन्दिर का नाम व स्थान	अन्य संस्थाओं का नाम
(अ) अनन्तपुर	अमरपुरम ता० मदाक्षिरा	श्री दि० जैन मन्दिर	
	अऊली ता० मदाक्षिरा	श्री दि० जैन मन्दिर	
	कोण्डकुण्डे	श्री दि० जैन मन्दिर	
	कोट शिवपुर ता० मदाक्षिरा	श्री दि० जैन बसदि	
	पेनूकोण्डा	श्री दि० जैन मन्दिर	
		श्री दि० जैन मन्दिर	
	रत्नागिरि	श्री दि० जैन मन्दिर	
(आ) गोदावरी	नेडूलूरु ता० आत्रेयपुरम	श्री दि० जैन मन्दिर (जल्लरु)	
		श्री दि० जैन मन्दिर (द्राक्षाराम)	
	पाचपुरम	श्री दि० जैन मन्दिर	
		श्री दि० जैन मन्दिर	
	पेढामुर्रु	श्री दि० जैन मन्दिर	
(इ) हैदराबाद	हैदराबाद	श्री भगवान महावीर खडेलवाल दि० जैन मन्दिर चादर घाट	श्री दि० जैन धर्मशाला केशरबाग आगापुरा
		श्री चन्द्रप्रभु खण्डेलवाल दि० जैन मन्दिर जैन फुलवारी केशर बाग आगापुरा	श्री दि० जैन धर्मशाला १४-६-३५८ केसर बाग
			श्री दि० जैन धर्मशाला
		श्री दि० जैन चैत्यालय	जैन भवन-महाराज गज
		श्री दि० जैन चैत्यालय	जैन भवन (धर्मशाला) रामकोट
		श्री दि० जैन चैत्यालय	श्री पार्श्वनाथ दि० जैन धर्मशाला
		श्री दि० जैन चैत्यालय जैन भवन महाराज गज	दि० जैन मन्दिर बेगम बाजार घास मण्डी
			श्री पार्श्वनाथ दि० जैन पुस्तकालय, बेगम बाजार घास मण्डी
		श्री दि० जैन चैत्यालय	पूनमचन्द जैन धर्मशाला
		चन्द्रप्रभु खण्डेलवाल दि० जैन मन्दिर	काचिगुडा स्टेशन के सामने

जिले का नाम	स्थान का नाम	मन्दिर का नाम व स्थान	अन्य संस्थाओं का नाम
		श्री पार्श्वनाथ खडेलवाल दि० जैन मन्दिर बेगम बाजार १४-६-३२६ चूड़ी बाजार	
		श्री पार्श्वनाथ खण्डेलवाल दि० जैन मन्दिर, साहूकारी का खान पच भाई–अलावा मार्ग	
	हिंगोली	श्री दि० जैन मन्दिर	
		श्री दि० जैन मन्दिर	
		श्री दि० जैन मन्दिर	
		श्री दि० जैन मन्दिर	
(ई) खम्माग	डोरनाकल	श्री दि० जैन मन्दिर	
	गरल	श्री दि० जैन मन्दिर	
	खम्माग	श्री दि० जैन मन्दिर	
(उ) महबूब नगर	जादचरला	श्री दि० जैन मन्दिर	
	महबूब नगर	श्री दि० जैन मन्दिर	
(ऊ) विशाखापत्तनम	माचपुरम	श्री दि० जैन मन्दिर	
	मामिडिवाद	श्री दि० जैन मन्दिर	
	पोट्टगी	श्री दि० जैन मन्दिर	

—:○:—

राज्य में जैन-धर्म के ऐतिहासिक प्रचार सम्बन्धी प्रमाण ईसा की १२वी शताब्दी से मिलते है। तत्पश्चात जैन धर्म का प्रभाव वहाँ क्षीण हो गया जान पड़ता है। वर्तमान मे राजस्थान तथा अन्य राज्यो के जैन धर्मावलम्बी यहाँ व्यापार एव नौकरी की वजह से बस गये है। अधिकतर जैन लोग वहाँ व्यापार ही करते हैं। कुछ लोगो के पास कोयले की खदाने भी है। यहाँ लगभग १५ हजार जैन निवास करते है। पहले डिब्रूगढ मे ही एक पचायती मन्दिर था किन्तु अब कई स्थानो पर जैन-मन्दिरो का निर्माण हुआ है। औषधालय-विद्यालय आदि जैन धार्मिक सस्थाये भी खुली है।

गोहाटी—

यह असम राज्य का प्रसिद्ध नगर है। यहा फैन्सी बाजार स्थित जैन मन्दिर मे २० मूर्तियाँ हैं और ४ चैत्यालय है जो क्रमश. रतन प्लेस, केदार रोड, पाण्डु और माली गाँव मे है जिनमे कुल २५ मूर्तियाँ विराजमान है। श्री चादमल जी पाण्डया सुजानगढ की धर्म पत्नी श्रीमती भवरी देवी जी पाण्डया द्वारा सस्थापित व सचालित एक दिगम्बर जैन विद्यालय फैन्सी बाजार मे है। महावीर कीर्ति सरस्वती प्रकाशन माला भी है।

असम

जिले का नाम	स्थान का नाम	मन्दिर का नाम व स्थान	अन्य सस्थाओ का नाम
(अ) दरग	खारु पेटिया घाट	श्री दि० जैन मन्दिर	श्री दि० जैन स्कूल
	तेजपुर	श्री दि० जैन मन्दिर	
(आ) गोहाटी	आठ गाँव	श्री दि० जैन चैत्यालय	
	फैन्सी बाजार	श्री दि० जैन मन्दिर	श्री दि० जैन विद्यालय
	केदार रोड	श्री दि० जैन चैत्यालय	
	माली गाँव	श्री दि० जैन चैत्यालय	
	पाण्डु	श्री दि० जैन चैत्यालय	
	रतन प्लेस पान बाजार	श्री दि० जैन मन्दिर	
(इ) ग्वाल पाड़ा	धुबड़ी	श्री दि० जैन मन्दिर	श्री दि० जैन औषधालय
(ई) कचार	सिलचर	श्री दि० जैन चैत्यालय	
(उ) काम रूप	नलबाड़ी	श्री दि० जैन मन्दिर	ऋषभदेव दि० जैन पाठशाला
	रगीया	श्री दि० जैन मन्दिर	
	टीहू	श्री दि० जैन मन्दिर	
	बरपेटा रोड	श्री दि० जैन मन्दिर	
	विजय नगर	श्री दि० जैन मन्दिर	श्री दि० जैन विद्यालय श्री दि० जैन औषधालय

जिले का नाम	स्थान का नाम	मन्दिर का नाम व स्थान	अन्य संस्थाओं का नाम
(ऊ) लखीमपुर	डकवा खाना	श्री दि० जैन मन्दिर	
	डिब्रूगढ़	श्री दि० जैन मन्दिर	
	लखीमपुर	श्री दि० जैन मन्दिर	
	तिनसुखिया	श्री दि० जैन मन्दिर	
(ए) नौ गाँव	हैबर गाँव	श्री दि० जैन चैत्यालय	
(ऐ) शिव सागर	गोलाघाट	श्री दि० जैन मन्दिर	
	जोरहाट	श्री दि० जैन मन्दिर	
	शिवसागर	श्री दि० जैन मन्दिर	

—:○:—

अंग—

अंग मगध देश के पूर्व में था। आजकल के भागलपुर जिले और मुंगेर के समीप का प्रदेश पूर्वकाल मे अग जनपद कहलाता था। इसकी राजधानी चम्पा थी। प्राचीन भारत मे चम्पा एक सुन्दर, समृद्ध एव जनधन से सम्पन्न नगर था। भगवान महावीर और बुद्धकाल से पूर्व अंग एक शक्तिशाली जनपद था। चम्पा नगरी चम्पा नाम की नदी के पूर्व मे बसी हुई थी, जो अब भी भागलपुर मे चम्पानाला के नाम से प्रसिद्ध है।

कनिंघम ने भागलपुर मे २४ मील दूर पत्थर घाटा पहाडी के पास चम्पा नगर की स्थिति मानी है। यह गंगा तट पर अवस्थित है। प्राचीन काल मे यह बहुत समृद्ध नगर था और व्यापार का केन्द्र भी। महाभारत के अनुसार अग मे भागलपुर और मुंगेर सम्मिलित प्रतीत होते है उत्तर मे यह कोसी नदी तक फैला हुआ था। एक समय अग जनपद मे मगध भी सम्मिलित था और यह सम्भवत· समुद्र तक फैला हुआ था।

महाभारत से यह भी जान पडता है कि यहाँ के राजा अग के नाम के आधार पर इसका नामकरण अग किया गया था। रामायण के अनुसार यही पर क्रुद्ध शिव से भयभीत होने के कारण मदन भाग कर आया था। यहीं वह अपने शरीर को छोडकर अनग हुआ था। अत मदन के अग त्याग करने से यह प्रदेश अग कहलाया। सुमंगला विलासिनी मे बताया गया है कि इस प्रदेश मे अंग (अगा) नामक लोग रहते थे। इस कारण यह अग जनपद नाम से विख्यात हुआ। अग लोगो ने अपने शरीर की सुन्दरता के साथ यह नाम पाया था बाद मे धीरे-धीरे यह नाम रुढ हो गया।

बुद्ध पूर्वकाल मे राजसत्ता के लिए अग और मगध मे सघर्ष चलता था। श्रेणिक बिम्बसार अग और मगध दोनो का स्वामी माना जाता था। पालित्रिपिटक मे अग और मगध को एक साथ 'अग मगधा' द्वन्द समास मे प्रकट किया है।

श्रेणिक की मृत्यु के बाद कुणिक (अजातशत्रु) ने चम्पा को अपनी राजधानी बनाया था क्योकि पितृशोक के कारण राजगृह मे रहना उसे रुचिकर प्रतीत नहीं हुआ अतएव उसने चम्पा को राजधानी बनाया। भगवान महावीर ने चम्पा मे विहार किया था जब उनका समवशरण चम्पा मे पहुचा तब राजा अजातशत्रु ने उनका भक्तिपूर्वक वन्दन किया और धर्मोपदेश सुना। आचार्य जिनसेन ने आदिपुराण मे (१६, ५२, २६, ४७) अग देश उल्लेख किया है।

बिहार

चम्पा की रानी गग्गरा ने 'गग्गरा पोखरणी' नाम का एक तालाब खुदवाया था। जैनियो के १२ वे तीर्थंकर वासुपूज्य के गर्भ-जन्म-तप-ज्ञान और निर्वाण ये पच कल्याणक हुए थे। वासुपूज्य स्वामी का मन्दारगिरि निर्वाण स्थल होने के कारण यह सिद्ध क्षेत्र के नाम से जैन-साहित्य मे उल्लिखित है। उस समय चम्पा नगर बहुत विस्तृत था। उसका विस्तार ४-८ कोस का बताया गया है। चम्पा के मनोहर उद्यान मे वासुपूज्य ने दीक्षा ली थी। यह उद्यान मदारगिरि का है। आचार्य गुणभद्र के अनुसार वासुपूज्य का निर्वाण मनोहर उद्यान मे भाद्रपद शुक्ला १४ के अपराह्न मे ६४ मुनियो के साथ हुआ था जैसाकि उत्तर-पुराण के निम्न पद्यो से स्पष्ट है—

> 'अग्र मन्दर शैलस्व सानुस्थान विभूषणे,
> वने मनोहरो द्याने पल्यङ्कासनमाश्रित.।
> मासे भाद्रपदे ज्योतले चतुर्दश्या पराह्न के,
> विशाखाया ययौ मुक्ति चतुर्नयनि संयत:॥'
>
> (उत्तर पुराण ५२/५२)

वर्तमान मे अनुश्रुति और मान्यता है कि चम्पा नाले मे वस्सुपूज्य भगवान के गर्भ और जनकल्याणक मनाये गये। मदारगिरि मे दीक्षा और केवल ज्ञान तथा चम्पापुर भगवान का निर्वाण हुआ बताया जाता है। इस सब

विवेचन से अंग देश और चम्पा नगरी का परिचय मिल जाता है।

मंदारगिरि पर पापहारिणी सरोवर पहाड़ की तलहटी मे है जिसे राजा आदित्यसेन की रानी कोनादेवी ने बनवाया था। आदित्यसेन सातवी शताब्दी में मगध का शासक था। पहाड़ी पर शिखरबद्ध एक दि० जैन बडा मन्दिर है। पो० आ० कोसी जिला भागलपुर मे वासुपूज्य के प्राचीन चरण स्थापित है। इसी बडे मन्दिर के निकट शिखरबद्ध एक छोटा मन्दिर है। इसमे तीन प्राचीन चरण युगल बने हुये हैं।

गया—

भारतीय साहित्य मे 'गया' का उल्लेख अनेक स्थानो पर हुआ है। वैदिक और बौद्ध वाङ्मय मे गया का उल्लेख प्रचुर मात्रा मे मिलता है परन्तु जैन-साहित्य मे कही भी 'गया' का उल्लेख उपलब्ध नही होता। हो सकता है कि बिहार प्रान्त रचित जैन साहित्य विनष्ट हो गया हो। गोरथगिरि और प्रवरगिरि की पर्वतमालाये आज कल बारबर पहाडियो के नाम से प्रसिद्ध है। गोरथगिरि का उल्लेख कलिंग सम्राट खारवेल के हाथी गुफा शिलालेख मे हुआ है। इससे उसकी प्राचीनता मे कोई सन्देह नही है। बारबर की पहाडियो मे उपलब्ध जैनावशेष और ब्रह्मयोनि पर्वत पर प्राप्त जैन चिह्नो से उसकी महत्ता का स्पष्ट बोध होता है। यह पूरा प्रदेश उत्तुंग पर्वत-मालाओ, सघन जगलो, गहरी घाटियो, नदियो और सरोवरो की भूमि होने के कारण प्राचीन ऋषि पुगव श्रमणो की एकान्त साधना का आकर्षण केन्द्र रहा है। हो सकता है कि परवर्ती काल मे गया प्रदेश विमक्त हो अतः गया के सम्बन्ध मे अन्वेषण होना चाहिये जिससे ऐतिहासिक तथ्यो द्वारा गया का प्रमाणिक इतिवृत्त प्रकाश मे आ सके।

वर्तमान गया नगर जैन समाज का प्रमुख केन्द्र है। इसके विकास एव उत्थान मे गया जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा है। नगर के मध्य मे जैन गर्ल्स हाई स्कूल, जैन गर्ल्स मिडिल स्कूल, जैन पाठशाला, जैन औषधालय, जैन स्वाध्याय मन्दिर, जैन ग्रन्थालय, वाचनालय, जैन छात्रवृत्ति फण्ड, जैन धर्मशाला और महावीर ब्लड बैंक जैसी उपयोगी सस्थायें स्थानीय जैन समाज की अभिरुचि का प्रमाण है।

गया जिले मे स्थित टिकारी, बंधुगंज, वारसलीगंज, चेरु आदि स्थानो के जैन मन्दिरों का उल्लेख यथास्थान किया गया है। गया के जैन समाज ने एक विशाल सभा-भनव का भी निर्माण किया है।

गिरीडीह—

बिहार प्रान्त मे गिरीडीह एक प्रमुख नगर है। यहाँ जैन-संस्कृति का अच्छा प्रभाव है। यद्यपि जैनियो की सख्या कम है केवल ८६ घर हैं जिनकी कुल जनसख्या ५६८ के लगभग है। यह मधुबन से १६ मील पूर्वोत्तर मे है। यहाँ दो दि० जैन मन्दिर हैं उनमे पचायती दि० जैन मन्दिर ५०० वर्ष से अधिक प्राचीन बताया जाता है जिसमे मूलनायक प्रतिमा आदिनाथ की है जो ३½ फुट ऊँची पद्मासन प्रतिमा है। मन्दिर नयनाभिराम है। दूसरा पार्श्वनाथ दि० जैन मन्दिर है जो अत्यन्त सुन्दर है। उसमे दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ और महावीर स्वामी की प्रतिमा प्रतिष्ठित है। यहाँ जैन-समाज मे शिक्षा का प्रचार करने के लिये दि० जैन बालिका विद्यालय और महिला शिक्षा मन्दिर है। दि० जैन विद्यालय आदि प्रमुख शिक्षण सस्थाये है। एक दि० जैन वाचनालय भी है। इलाज के लिये सेठ सागरमल जी पाण्ड्या द्वारा स्थापित जैन होम्योपैथिक दातव्य चिकित्सालय है। यात्रियो के ठहरने के लिये दुमजिली नई धर्मशाला है जिसमे १५ सुन्दर कमरे हैं अन्य प्रबन्ध भी अच्छा है।

इस जिले मे सम्मेद शिखर जैसा महान तीर्थ क्षेत्र है जिसका सक्षिप्त परिचय अलग लिखा गया है। इसके अतिरिक्त सरिया, गोमिया, साडन, पेटर बाजार, निमिया-घाट और पालगज आदि स्थानो के जैन मन्दिरादि का उल्लेख भी यथास्थान किया गया है।

ईसरी बाजार—

पूर्वीय रेलवे की ग्रेण्ड कार्ड लाइन पर विख्यात पारसनाथ स्टेशन है। गोमो जकशन एव हजारी बाग रोड के बीच में पारसनाथ रेलवे स्टेशन के नाम से विद्यमान ग्राम का नाम ही ईसरी बाजार है। श्री सम्मेद शिखर जी यहाँ से १६ मील दूर हैं। शिखर जी जाने के लिये यात्रियों को यहा ठहरना होता है।

ईसरी ग्राम मे स्टेशन से कुछ ही दूर सडक पर ही

एक बड़ी सुन्दर दि० जैन धर्मशाला है। यात्रियो की सुविधा के लिये धूप, पानी, रोशनी, बर्तन, टेलीफोन आदि सभी सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था है। धर्मशाला में एक जैन मन्दिर भी है इसे दि० जैन तेरापंथी कोठी कहते हैं। मन्दिर मे मूलनायक प्रतिमा भगवान महावीर की ३ फुट ऊँची पद्मासन है। कोठी की ओर से मधुबन आने-जाने के लिये एक गाडी का प्रबन्ध है। इसके अतिरिक्त यहा पर श्री दि० जैन उदासीन आश्रम, बीसपथी कोठी, महिलाश्रम आदि है। उदासीन आश्रम की स्थापना पूज्य क्षुल्लक श्री गणेश प्रसाद जी वर्णी द्वारा हुई थी। पूज्य वर्णी जी ने अन्तिम समाधि तक यहाँ ही साधना की थी। आश्रम के अन्तर्गत एक सुन्दर भव्य मन्दिर, वर्णी स्मारक (स्तूप) सरस्वती भवन आदि विभाग है। महिलाश्रम मे भी एक विशाल एव सुन्दर दि० जैन मन्दिर है। मूलनायक प्रतिमा भगवान पार्श्वनाथ की पद्मासन लगभग ४½ फुट उन्नत दर्शनीय है। यहाँ महिलायें धर्म साधना करती है।

